# हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

(पूर्व नाम – दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग)

रायपुर नाका, दुर्ग (छ.ग.) . 491001

**ई मेल : academic@durguniversity.ac.in वेब साइट : www.durguniversity.ac.in दूरभाष : 0788-2359400**


क्र. 5035/अका./स्थायी समिति/2026 दुर्ग, दिनांक 18/08/2026

माननीय विद्यापरिषद् **(Standing Committee)** की नियमित बैठक की कार्यवाही दिनांक 10.08.2026 स्थानः विश्वविद्यालय परिसर लाइब्रेरी हॉल, समयः अपरान्ह 03:00 बजे माननीय कुलपति की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमें निम्नलिखित सम्मानीय सदस्य उपस्थित हुए :–

| | | |
|---|---|---|
| 01. प्रो. (डॉ.) संजय तिवारी,<br>कुलपति, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग | – | अध्यक्ष |
| 02. डॉ. अनिता महिश्वर (प्राध्यापक)<br>शासकीय दिग्विजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जिला– दुर्ग | – | सदस्य |
| 03. डॉ. निशा श्रीवास्तव (प्राध्यापक)<br>घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय, जिला– दुर्ग | – | सदस्य |
| 04. डॉ. भूपेन्द्र कुलदीप (कुलसचिव),<br>हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) | – | सचिव |

विद्यापरिषद की नियमित बैठक में नियमानुसार कोरम में 04 सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य थी। परन्तु बैठक में 03 सदस्य उपस्थित थे अतएव कोरम पूरा नहीं हो रहा था इसलिए विद्यापरिषद की बैठक को कुछ देर स्थगित कर पुनः 3:30 को प्रारंभ किया गया।

विद्यापरिषद के सचिव द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त सदस्यों का स्वागत करते हुए अध्यक्ष की अनुमति से कार्यसूची के अनुसार विद्यापरिषद द्वारा सर्वसम्मति से निम्नलिखित निर्णय लिया गया।

## अकादमिक विभाग सें संबंधित प्रस्तावः–

### विषय क्रमांक 01.

स्वामी श्री स्वरूपानंद महाविद्यालय, हुडको, भिलाई जिला–दुर्ग (छ.ग.) को निम्नलिखित कक्षा/विषय की सत्र 2026–27 से अस्थायी सम्बद्धता हेतु विश्वविद्यालय द्वारा गठित निरीक्षण समिति की अनुशंसा पर विचार करनाः–

1. पीजी डिप्लोमा इन योगा एजुकेशन एण्ड फिलॉसफी नवीन पाठ्यक्रम – 30 सीट

**टीप :–** (अ) निरीक्षण समिति द्वारा महाविद्यालय में उपर्युक्त नवीन कक्षा/विषयों की सत्र 2026–27 से अस्थायी संबद्धता हेतु अनुशंसा की गई है।

**निर्णयः–** समिति द्वारा वामी श्री स्वरूपानंद महाविद्यालय, हुडको, भिलाई जिला–दुर्ग (छ.ग.) में उपर्युक्त नवीन कक्षा/विषयों की सत्र 2026–27 के पीजी डिप्लोमा इन योगा एजुकेशन एण्ड फिलॉसफी पाठ्यक्रम की अस्थायी संबद्धता प्रदान करने की अनुशंसा की गई।

**विषय क्रमांक 02.**

सेन्ट्रल इंडिया, देवादा, जिला–राजनांदगांव में संचालित पाठ्यक्रम एम.फिल हेतु शासन द्वारा 12 सीट स्वीकृत किया गया था। उक्त पाठ्यक्रम का नाम परिवर्तन कर M.A. Clinical Psychology (M.A. CLin. Psy.) किया गया 08 मई 2026 को RCI नई दिल्ली की अधिसूचना F.No.: RCI-12022/1/2022 द्वारा पुनः परिवर्तित कर Master in Clinical Psychology (M. CLin. Psy.) 16 सीट का अनुमोदन किया गया।

टीपः– उपरोक्त के संबंध में विचार करना।

**निर्णयः–** भारतीय पुनर्वास परिषद् (RCI) नई दिल्ली के अनुशंसा के आधार पर 16 सीट की अनुमति की अनुशंसा की गई।

**विषय क्रमांक 03**

सत्र 2026–27 से स्नातकोत्तर NEP-2020 अध्यादेश के संबंध में गठित समिति की बैठक दिनांक 04/08/2026 के कार्यवाही पर विचार करना।

टीपः– 1. हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग से समब्द्ध महाविद्यालयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में NEP-2020 अध्यादेश सत्र 2027–28 से लागू किए जाने संबंधी आवश्यक कार्यवाही किए जाने की अनुशंसा की गई।

2. स्वशासी महाविद्यालय में एक वर्षीय पाठ्यक्रम में ऑनर्स के पात्र एवं इच्छुक समस्त विद्यार्थियों को प्रवेश दिए जाने की अनुशंसा की गई है।

**निर्णयः–**सत्र 2026–27 से स्नातकोत्तर NEP-2020, अध्यादेश के संबंध में गठित समिति द्वारा लिये गये निर्णय के अनुमोदन हेतु शासन को पत्र प्रेषण की अनुशंसा की गई।

**बैठक के अंत में कुलसचिव जी ने माननीय अध्यक्ष महोदय जी एवं उपस्थित समस्त सम्मानीय सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया।**

**कुलपति**
**(अध्यक्ष)**

**कुलसचिव**
**(सचिव)**

पृ. क्रमांक 5036/अका./स्थायी समिति 2026 दुर्ग, दिनांक 13/08/2026

प्रतिलिपिः–

1. कुलपति महोदय के सचिव हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
2. विश्वविद्यालय विद्यापरिषद की स्थायी समिति के समस्त सम्माननीय सदस्यों की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

**सहा. कुलसचिव (अका.)**